बरेली, मंगलवार
18 नवंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO :III MIDDLE

# देहदानी की पत्नी ने भी भरा देहदान करने का संकल्प पत्र

जासं, बरेली : कुंवर रुकुम सिंह वैदिक इंटर कालेज नगला पूर्वी के पूर्व प्रधानाचार्य स्व. डा. विष्णु प्रकाश मिश्रा की धर्मपत्नी डा. लता मिश्रा ने राममूर्ति मेडिकल कालेज में देहदान का संकल्प पत्र भरा। इसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। डा. मिश्रा का दो वर्ष पूर्व निधन हो जाने पर उनका पार्थिव शरीर राममूर्ति मेडिकल कालेज को दान किया गया था।

डा. विष्णु प्रकाश लंबे समय तक बदायूं के नगला इंटर कालेज में प्रधानाचार्य पद पर सेवारत रहे थे। उन्होंने इस दौरान बहुत से लोगों को देहदान और नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। उन्हीं से प्रेरित होकर डा. लता मिश्रा ने भी देहदान का संकल्प पत्र भरा। वह राष्ट्रीय महिला आयोग बदायूं इकाई की सदस्य भी रही हैं। उनकी समाज सेवा से प्रभावित होकर पूर्व में तत्कालीन गृहमंत्री गृह राज्यमंत्री



डा. लता मिश्रा • सौ. स्वयं

केडी स्वामी ने उन्हें सम्मानित भी किया था। इन्हें एसआरएमएस मेडिकल कालेज में सम्मान दिया गया। उनके जिले से बाहर होने के कारण उनके पुत्र डायट फरीदपुर बरेली में प्रवक्ता श्रीकांत मिश्रा ने सम्मान प्राप्त किया। राममूर्ति ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, एनाटोमी डिपार्टमेंट की हेड डा. नमिता मेहरोत्रा, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, डा. शंभू प्रसाद, डा. कंचन बिष्ट आदि मौजूद रहे।